
# व्यापारियों से लाखों रुपये की ठगी करने वाला मुम्बई से गिरफ्तार

## 4.25 लाख रुपये सूरत की फर्म के खाते में डलवा कर प्लास्टिक का कच्चा माल लेकर हो गया था फरार

**जयपुर।** बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए व्यापारियों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर ठग को मुम्बई (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दिसंबर 2023 में 4.25 लाख रुपये सूरत की फर्म के खाते

- **आरोपी ने दिसम्बर 2023 में अपने साथियों के साथ मिलकर की थी ठगी**

में डलवा कर प्लास्टिक का कच्चा माल लेकर फरार हो गए। इस मामले में पूर्व में एक आरोपित को गिरफ्तार किया जा चुका है ,जो अभी न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है। इसके बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था और अहमदाबाद, मेहसाणा, सूरत, वडोदरा आदि जगहों पर निवास और मोबाइल बदल-बदल कर फरारी काट रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



**बिंदायका थाना पुलिस ने व्यापारियों से ठगी करने वाले एक शातिर ठग को मुम्बई ( महाराष्ट्र ) से गिरफ्तार किया है।**

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए व्यापारियों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर ठग चिराग बाबूलाल शाह (40) निवासी फलिया कटरा ग्राम जिला सूरत (गुजरात) हाल भाईडर जिला ठाणे (महाराष्ट्र) को मुंबई के भाईदर क्षेत्र से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। आोपन चिराग बाबूलाल शाह से पूछताछ में सामने आया कि उसने अपने साथी देवरिया जितु गौरधन भाई निवासी सूरत (गुजरात)के साथ मिलकर पीड़ित विकास शर्मा से सम्पर्क करवाया कि उनकी फर्म सुरत गुजरात में श्री सालासर ट्रेडर्स के नाम से है।

जिसमें प्लास्टिक का कच्चा दाना बनाया जाकर सभी राज्यों में भेजा जाता है । आरोपी ने श्री सालासर ट्रेडर्स से सम्पर्क कर बताया कि उनकी बिन्दायका राजस्थान में रामेश्वर लाल एण्ड सन्स के नाम से फर्म है। दोनों फर्मों से सम्पर्क कर लिया ।

आरोपियों ने दोनो फर्मां के असल मालिकों को आपस में संपर्क नहीं होने दिया गया और छह दिसम्बर 2023 को आरोपी चिराग बाबूलाल शाह व देवरिया जितु गोवर्धन भाई ने श्री सालासर ट्रेडर्स सूरत के खाते में रुपये 4 लाख 24 हजार 800 रुपये डलवा कर प्लास्टिक का कच्चामाल लेकर फरार हो गए और पीड़ित को माल प्लास्टिक का कच्चा दाना नहीं भेजा गया। इसके बाद पीड़ित की ओर से 16 दिसंबर 2023 को आरोपियों के खिलाफ बिंदायका थाने में ठगी का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक पुलिस टीम का गठन कर आरोपियों की तलाश करते हुए एक आरोपी देवरिया जितु गोवर्धन भाई निवासी सूरत (गुजरात) को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। वहीं आरोपित चिराग बाबूलाल शाह फरार हो गया। जिसकी तलाश के लिए महाराष्ट्र सहित गुजरात के अहमदाबाद, मेहसाणा, सूरत, वडोदरा में टीमे भेजा। जहां आरोपित घटना के बाद से ही अपना निवास-स्थान सहित अपने मोबाईल नम्बर बदल-बदल रहा था। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी मदद से आरोपी को चिन्हित कर (महाराष्ट्र) के मुंबई से डिटेन कर गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।


# वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस की व्यवस्था पर संतोष जताया

**जयपुर।** राजस्थान के सभी जिलों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के रख रखाव और सुरक्षा व्यवस्था के सभी मापदंडों की कड़ाई से पालना करने के निर्देश दिए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग द्वारा जयपुर में ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वेयरहाउस में वोटिंग मशीनों की बेहतरीन सुरक्षा और रखरखाव व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया। इसके उपरांत राजस्थान के मुख्य निर्वाचन

- **सीईओ ने सभी जिलों में ईवीएम गोदामों में व्यवस्था पर रिपोर्ट मांगी**
- **मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को ईवीएम वेयरहाउस पर सुरक्षा मानकों की पालना पर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं**

अधिकारी नवीन महाजन ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) को ईवीएम वेयरहाउस पर सुरक्षा मानकों की पालना पर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

महाजन के निर्देशानुसार, सभी डीईओ आयोग के सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित होने की पालना रिपोर्ट 30 अप्रैल तक प्रस्तुत करेंगे। जयपुर ईवीएम वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान गर्ग ने बताया कि आयोग के मानकों के अनुसार ईवीएम गोदामों में जो व्यवस्था होना आवश्यक है उनमें निरीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति आवश्यक रूप से सुनिश्चित हो, जिला निर्वाचन अधिकारी मासिक और त्रिमासिक आधार पर स्वयं निरीक्षण करें, वेयरहाउस के गेट पर ताले और सील की निरीक्षण के दौरान जांच की जाए, सीसीटीवी कैमरों का संचालन दुरुस्त किया जाए और फुटेज का लिंक पुलिस गार्डरूम में उपलब्ध कराया जाए, सभी अग्निशमन यंत्रों की जांच की जाए और उनके रखरखाव की अंतिम तिथि के अनुरूप समय पर जांच होना सुनिश्चित किया जाए।




**भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग ने जयपुर में ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया।**

# जयपुर में मंगलवार को यातायात व्यवस्था में बदलाव

**जयपुर।** जयपुर में 21 अप्रैल से 24 अप्रैल तक जयपुर शहर में बीवीआईपी - बीआईपी का आवागमन रहेगा। आवागमन के दौरान जयपुर एयरपोर्ट से रामनिवास बाग तक जवाहर लाल नेहरू मार्ग, भवानी सिंह रोड, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, हवामहल बाजार, सुभाष चौक से आमेर तक ओटीएस चौराहा से केवी तीन तिराहा तक का मार्ग उपयोग में लिए जाने की संभावना रहेगी। इन मार्गों पर अल्पावधि के लिए सुरक्षा कारणों से यातायात रोका जायेगा। जिसके चलते मंगलवार को यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

मंगलवार को पोलो सर्किल, रामबाग चौराहा, ओ.टी.एस. चौराहा से रामनिवास बाग, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, हवामहल बाजार, सुभाष चौक से आमेर तक, ओ.टी.एस. चौराहा से केवी तीन तिराहा तक सामान्य यातायात को सुबह 8.15 से शाम 04 बजे तक आवश्यकता पड़ने पर उक्त मार्गों पर संचालित यातायात को समानान्तर मार्ग टोंक रोड, झालाना बाईपास, जवाहर नगर बाईपास, जनपथ, पृथ्वीराज रोड, एम.आई. रोड, गोविन्द मार्ग, एम.डी रोड, किशनपोल बाजार, रामगंज बाजार, घाट बाजार, दिल्ली रोड पर डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा। ओटीएस चौराहा से केवी 03 तिराहा तक के क्षेत्र को नो-ट्रैफिक जोन रखा जायेगा। उपरोक्त समय एवं मार्गो पर हल्के भार वाहक वाहन, बस-मिनी बस, धीमी गति से चलने वाले वाहनों का संचालन आवागमन के दौरान निषेध रहेगा। मंगलवार को जवाहर लाल नेहरू मार्ग, सरदार पटेल मार्ग, पृथ्वीराज रोड, जनपथ, भवानी सिंह रोड, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, हवामहल बाजार, सुभाष चौक से आमेर तक सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग निषेध रहेगी। 24 अप्रैल तक शहर में आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के मद्देनजर उपरोक्त मार्गो पर आवागमन के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से कुछ समय तक सामान्य यातायात प्रभावित रहेगा। अत: उक्त मार्गो पर स्थित परीक्षा केन्द्रों के अभ्यार्थी अतिरिक्त समय लेकर परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचे साथ ही समानांतर मार्गो का उपयोग करने का प्रयास करें।

# श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ भवन बनकर तैयार

**जयपुर।** विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय परिषद की बैठक में भगवान श्रीपरशुराम जन्मोत्सव को लोकपर्व के रूप में मनाने का निश्चय किया गया।

विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा 'गुरुजी' की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय परिषद में जयपुर में नव निर्मित श्री परशुराम ज्ञानपीठ भवन को लेकर विशेष फोकस रहा। उन्होंने बताया कि इस भवन में परशुराम जयंती लोकपर्व के

- **27 से 30 तक होंगे विशेष आयोजन, सर्व प्रथम विराजित होंगे भगवान परशुराम**

तहत 27 से 30 अप्रैल तक विशेष पूजा अनुष्ठान के आयोजन होंगे। इस धार्मिक अनुष्ठान की कड़ी में 27 तारीख को एक शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। 28 से 30 अप्रैल तक पूजन-हवन एवं प्राण प्रतिष्ठा का अक्षय अनुष्ठान के साथ भगवान श्री परशुराम जी की दिव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी।




इस भवन में संचालित की जाने वाली गतिविधियों के लिए राजस्थान के पूर्व पुलिस महानिदेशक ओमेन्द्र भारद्वाज को अध्यक्ष तथा सेवानिवृत्त आईपीएस हरिप्रसाद शर्मा को कार्यकारी अध्यक्षता वाली एक 13 सदस्यीय प्रबंधन समिति का भी गठन किया गया है । राष्ट्रीय महामंत्री पवन पारीक ने बताया कि भवन लोकार्पण का आयोजन बाद में होगा जिसकी तिथि भी शीघ्र घोषित की जाएगी।

बैठक में विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा ने बताया कि संयोजक परमेश्वर शर्मा की अगुवाई में अरुणाचल प्रदेश में श्री परशुराम की 54' मूर्ति स्थापना का कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर है। बैठक का संचालन डॉ. सुनील शर्मा सीए ने किया। रमेश शर्मा ने कार्य विवरण प्रस्तुत किया।

सत्यनारायण श्रीमाली एवं सतीश चंद्र शर्मा ने ज्ञानपीठ निर्माण की प्रगति रिपोर्ट देते हुए बताया कि साठ हजार वर्ग फीट का भव्य छह मंजिला भवन लगभग पूर्ण हो चुका है। महावीर प्रसाद शर्मा ने आर्थिक विवरण प्रस्तुत किया। संरक्षक बनवारीलाल सोती के आशीर्वचन के साथ परिषद की वार्षिक बैठक का समापन हुआ ।

## सार-समाचार

### "गा मेरे मन गा-सीजन-4" के पोस्टर का विमोचन



**जयपुर।** संगीत ग्रुप अरुणाज़ गीत गाता चल की ओर से 26 अप्रैल को प्रस्तुत किए जाने वाले गा मेरे मन गा-सीजन 4 कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। देवरंजनी म्यूजिक स्कूल की निदेशक सरिता द्विवेदी ने पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में भाग लेने वाले कुछ गायक कलाकार और संगीत प्रेमी उपस्थित थे। शाम-ए-हसरत शीर्षक से होनेवाला गा मेरे मन गा - सीजन 4 मशहूर गीतकार हसरत जयपुरी द्वारा लिखे गीतों को समर्पित रहेगा। गौरतलब है कि 15 अप्रैल को हसरत जयपुरी का जन्म दिन होता है और यह आयोजन उन्हीं की याद में किया जा रहा है। कार्यक्रम में उनके लिखे सुपर हिट युगल गीतों की महफ़िल सजाई जाएगी। श्रोता 1950 से 1980 के दशक के लगभग 30 मीठे-मधुर गीतों का लुत्फ़ उठा सकते हैं।

### जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पकड़ा

**जयपुर।** गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पकड़ा है और उनके पास से साढ़े 13 हजार रुपये की जुआराशि सहित 52 पत्ते ताश जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना इलाके में स्थित लाल मस्जिद के पास से सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेल रहे अखलाक,मुकीम,इन्तजार,ताजुद्दीन और फिरोज को गिरफ्तार किया है और सभी गलता गेट इलाके के रहने वाले है। पुलिस ने मौके से जुआरियों के पास से 13 हजार रुपये की जुआराशि सहित 52 पत्ते ताश बरामद किए है।

### सराफ ने किया ओपन जिम का लोकार्पण

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने आज वार्ड 139 डिस्पेंसरी के पास शहीद लेफ्टिनेंट अभय पारीक उद्यान में नगर निगम ग्रेटर के द्वारा लगाई गई ओपन जिम का लोकार्पण किया। सराफ ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्कों में ओपन जिम लग जाने से यहां आने वाले लोगों को सुबह-सुबह व्यायाम करने में फायदा होगा और व्यक्ति स्वस्थ रहेगा। स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला एवं साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद लक्ष्मण नूनीवाल, राजेश शर्मा अशोक शुक्ला, बजरंग शर्मा, देवाराम, विक्की रमन,पुष्पा शर्मा,एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी व नकदी से भरा बॉक्स ले गए चोर

**जयपुर।** जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में चोर मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नगदी से भरा बॉक्स उठा ले गए। घटना का पता पीडित परिवार को शादी समारोह से वापस लौटने पर लगा।पुलिस के अनुसार पालेडा निवासी रामचंद्र मीणा ने मामला दर्ज करवाया कि 18 अप्रेल को वह परिवार के साथ अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर कमरें में रखे बॉक्स को उठा ले गए। बॉक्स में 500 ग्राम चांदी की कनकती, 12 ग्राम सोने का जंतर, चांदी की चेन और डेढ़ लाख रुपए रखे थे। वह परिवार के साथ वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा मिला और कमरों का सामान बिखरा होने के साथ बक्सा गायब था। इस पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने साक्ष्य लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर से सिक्योरिटी गार्ड नकदी व अन्य सामान लेकर फरार

**जयपुर।** एयरपोर्ट थाना इलाके में सिक्योरिटी गार्ड घर से नकदी व अन्य सामान लेकर फरार हो गया। पीडित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सिद्धार्थ नगर निवासी लादूराम शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि उसके घर पर सिक्योरिटी कम्पनी का गार्ड तैनात था। जोकि 13 अप्रेल को घर से 30 हजार रुपए और पितरों की पातड़ी लेकर फरार हो गया। पीडित को घटना का पता घर लौटने पर लगा। इस पर पीडित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

### लिफ्ट देकर युवक से लूटी नगदी-मोबाइल

**जयपुर।** कानोता थाना इलाके में लिफ्ट देकर एक युवक से नकदी व मोबाइल लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार मोहनपुरा वाटिका निवासी अजय शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने रिश्तेदार के यहां किसी प्रोग्राम में गया था वह रिंग रोड रेलवे लाइन के पास रुका था इसी दौरान एक कार आकर रुकी। उसने उसे बैठने को कहा। बैठते ही आरोपियों ने डरा धमका कर उससे नगदी और मोबाइल छीन लिया और उसे कार से उतारकर भाग निकले। घटना 19 अप्रेल की है। इस पर पीडित थाने पहुंचा और आपबीती बताई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बीज बैंक का स्थापना दिवस आज

**जयपुर।** पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल के अवसर पर वानस्पतिक बीज बैंक स्थापना के संबंध में राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा, जयपुर में आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात:10 बजे होगा।

मुहम्मद जुनैद, निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव, जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग ने बताया कि कार्यशाला में राज्य की विभिन्न जिलों से पधारे हुए बीज संकलन/ संग्रहण की जानकारी रखने वाले बीज गुणी पुरुषों/ महिलाओं को बीजों/ चारागाह प्रबंधन/ भंडारण/ विपणन से संबंधित व्यापक जानकारी प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की संशोधित बजट घोषणा के तहत राज्य में 150 बीज बैंकों की स्थापना की अनुपालना में बीज बैंकों की स्थापना की जाएगी। इनकी स्थापना पंचायती राज विभाग के अधीन जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के माध्यम से वन विभाग, गैर सरकारी सस्थाएं एवं स्वयं जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा की जायेगी।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में बीज बैंकों के संचालन हेतु बीज गुणियों का चयन किया जाकर उन्हें बीज संकलन, संग्रहण व रखरखाव हेतु प्रशिक्षण दिया जाकर संबल प्रदान किया जाएगा एवं बीज भण्डारण हेतु समुचित व्यवस्था की गयी है।

निदेशक ने बताया कि राजस्थान पशुधन प्रधान मरूस्थलीय प्रदेश है। यहाँ समय-समय पर सूखे की स्थिति के कारण पशुओं के लिए चारे के अभाव में पशुपालकों को अन्य राज्यों में पलायन के लिए मजबूर होना पड़ता है। राज्य में वर्ष भर चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने एव पारिस्थितिक संतुलन बनाये रखने हेतु पर्यावरण का सन्तुलन आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन बीज बैंकों की स्थापना का उद्देश्य वर्षभर विभिन्न प्रजाति के बीजों का संकलन कर विभिन्न विभागों /संस्थाओं के माध्यम से उत्तम गुणवत्ता का वांछित मात्रा में घास / वनस्पति का बीज उपलब्ध कराना होगा। बीजों का संग्रहण ग्रामीणों द्वारा किया जाकर बीज बैंक में मूल्य आधारित दर पर बेचा जायेगा जिसकी दर वन विभाग द्वारा तय रहेगी।

इससे ग्रीष्म ऋतु में श्रमिकों का पलायन कम होगा एव उन्हीं के क्षेत्र में उन्हें मजदूरी उपरांत आय भी मिलेगी।

# घर के बाहर खड़ी थार के टायर खोल ले गए चोर

**जयपुर।** ज्योति नगर थाना इलाके में घर के बाहर खड़ी थार के चारों टायर और स्टेपनी खोलकर चोर उसे पत्थरों पर खड़ा कर गए। घटना का पता पीडित को सुबह उठने पर लगा। इस पर पीडित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनपुरी ईमली फाटक निवासी विपिन चंद ने मामला दर्ज करवाया कि उसने अपनी थार को 17 अप्रेल की रात घर के बाहर खडी की थी। सुबह देखा तो थार के चारों टायर और स्टेपनी गायब थी और कार पत्थरों पर खड़ी थी। चोर रात को थार के सभी टायर खोलकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# दो कारों में अचानक आग लगने से लोगों में फैली दहशत

**जयपुर।** वैशाली नगर थाना इलाके में सोमवार दोपहर दो कारों में अचानक आग लगने से दहशत फैल गई। सड़क किनारे पार्किंग में दोनों कार पास-पास खड़ी हुई थी। सूचना मिलने पर पुलिस और एक दमकल की गाडी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि जलने से दोनों ही कार पूरी तरह से कबाड़ में बदल गई। पुलिस आग लगने के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

पुलिस ने बताया कि आम्रपाली सर्किल से क्वींस रोड के पास सोमवार दोपहर रोड किनारे पार्किंग में दो कारें खड़ी थी। इस दौरान अचानक दोनों ही कारों ने आग पकड़ ली। कारों को जलते देखकर वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस सूचना पर फायर बिग्रेड के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर

- **वैशाली नगर थाना इलाके में दो कारों में अचानक आग लगने से दहशत फैल गई**
- **फायर बिग्रेड की मदद से आग पर काबू पाया**

बिग्रेड की एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। आग की लपटों के चलते दोनों की कारें जलकर कबाड़ में बदल गई। पुलिस के अनुसार जलने वाली कार में एक हैरियर और दूसरी स्विफ्ट थी। पुलिस प्रथम दृष्टया आग शॉर्ट सर्किट से लगना माना जा रहा है। पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि एक कार से निकली आग की लपटों से दूसरी कार ने भी आग पकड़ी है।

# मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिये कार्यशाला

**जयपुर।** प्रदेश में गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के लिए संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्धेश्य से एवं संचालित इन सेवाओं की प्रगति की उपलब्धियों पर विचार-विमर्श हेतु सोमवार को जयपुर में एक दिवसीय राज्य स्तरीय रिव्यु कम कार्यशाला आयोजित की गयी।

नेशनल हैल्थ सिस्टम रिर्सास सेंटर नई दिल्ली के सौजन्य से आयोजित इस कार्यशाला केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों सहित विभिन्न डवलपमेंट पार्टनर्स, सभी संभागीय संयुक्त चिकित्सा निदेशक एवं आरसीएचओ ने सहभागिता कर विचार-विमर्श किया। निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत ने बताया कि कार्यशाला में प्रदेश में पिछले बीस वर्षों से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सूचकांकों के ट्रेंड में सुधार के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित की गयी विभिन्न योजना-अभियानों के क्रियान्वयन आधारित विस्तृत अध्ययन की फाइडिंग्स पर विस्तार से विचार-विर्मश कर अनुभव साझा किये गये हैं। उन्होंने बताया कि फाइडिंग में सामने आया है कि ग्रास रूट लेवल तक योजना-अभियानों की वास्तविक प्रगति के रिकार्ड-डाटा संकलन करने एवं आवश्यकतानुसार एरिया स्पेशिफिक स्वास्थ्य गतिविधियों का संचालन करने पर फोकस किया जाना आवश्यक है।

परियोजना निदेशक, मातृत्व स्वास्थ्य डॉ. तरूण चौधरी ने मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियांवयन में जिला स्तरीय अधिकारियों की भूमिका अहम् होने तथा रेलुगर मॉनीटरिंग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में सुरक्षित मातृत्व सेवाओं के लिए संचालित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम-योजनाओं की रिपोर्ट भी साझा करते हुए अनेक सुधारात्मक बिदुंओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया।

एनएचएसआरसी, पब्लिक हैल्थ एडमिनिस्ट्रेशन हेड एवं एडवाइजर डॉ. के. मदन गोपाल ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सूचकांकों में दर्ज किये प्रेरणात्मक सुधार के लिए किये प्रयासों की सराहना की।

कार्यशाला में मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोगी डवलपमेंट पार्टनर संस्थान इंडियन हैल्थ एक्शन ट्रस्ट, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पोपूलेशन साइंस, यूनिवर्सिटी ऑफ मानीटोबा सहित यूनीसेफ, यूएनएफपीए, जपाईगो, आई-पास एवं निपी के प्रतिनिधिगणों भी शामिल हुए।

# दिनदहाड़े चुरा ले गए गैस सिलेंडर

**जयपुर।** श्याम नगर थाना इलाके में दिनदहाड़े गैस सिलेंडर चोरी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बाइक पर आए बदमाश मेन गेट खोलकर घर के अंदर जा घुसे। पोर्च में रखे सिलेंडर को उठाकर चोरी कर ले गए। पुलिस फुटेज के आधार पर गैस सिलेंडर चोर की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि श्याम नगर की रानी सती नगर निवासी पीयूष झरवाल के घर चोरी की वारदात हुई है। जहां दोपहर को गैस एजेंसी की ओर से गैस सिलेंडर की डिलीवरी हुई थी। एजेंसी से आया गैस सिलेंडर घर के अंदर पोर्च में रखा था। किसी जरुरी काम के चलते पोर्च में सिलेंडर रखा छोड़कर वह बाहर चले गए। दिनदहाड़े बाइक पर आए बदमाश मेन गेट खोलकर अंदर घुसे और गैस सिलेंडर को उठाकर चोरी कर ले गए। देर शाम लौटने पर गैस सिलेंडर गायब मिलने पर चोरी का पता चला। घर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर सिलेंडर चोर की करतूत कैद मिली।

# ऑनलाइन मंगवाया मोबाइल डमी निकला

**जयपुर।** हरमाड़ा थाना इलाके में एक युवक ने ऑनलाइन कम्पनी से मोबाइल मंगवाया था। इसके लिए ऑनलाइन पैमेंट भी कर दिया था लेकिन जब उसने अपना बॉक्स खोलकर देखा तो उसमें डमी मोबाइल निकला। इस पर कम्पनी को शिकायत दी तो उसने इससे इंकार कर दिया।